प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं.  35 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

नई दिल्ली,  09 मार्च 2026

तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने (तमिलनाडु लाइसेंस सेवा क्षेत्र के तहत) केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के पुडुचेरी शहर और उसके आस-पास के इलाकों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने फरवरी 2026 के महीने के दौरान **पुडुचेरी** के व्यापक शहरी मार्गों को कवर करते हुए **तमिलनाडु** लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रमीण आवासीय इलाकों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

5 फरवरी 2026 से 7 फरवरी 2026 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 313.2 किलोमीटर पुडुचेरी सिटी ड्राइव टेस्ट और 8 हॉटस्पाट स्थानों में विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

क) **वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


पुडुचेरी शहर में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:


**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100.00%, 90.91%, 98.84% और 99.61% है।

ख) **डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले

एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 163.82 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 12.71 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 253.84 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की 22.05 Mbps है।

**सी.एस.एस.आर.: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (%में), सी.एस.टी.:कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), डी.सी.आर: ड्रॉप कॉल रेट (%में), एमओएस: मीन ओपिनियन स्कोर**




## सारांश - वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00%, 90.91%, 98.84% और 99.61% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः1.15, 4.50, 0.71 और 1.86 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः0.00%, 1.46%, 0.39% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः 0.24%, 4.16%, 0.96% और 0.23% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 4.00, 3.01, 4.45 और 4.42 है।

ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव मार्ग पर वॉयस टेस्टिंग में एयरटेल, बीएसएनएल आरजेआईएल और वीआईएल के लिए शहरी ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्ग के क्रमशः 1.17%, 6.93%, 2.42% और 1.60% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।

## सारांश - डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 163.82 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 12.71 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 253.84 Mbps और वीआईएल (/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 22.05 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 27.94 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 5.11 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 16.92 Mbps और वीआईएल (/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 13.03 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 41.50 ms, 42.47 ms, 25.94 ms और 32.81 ms है।

**डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट ( Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 33.84 | 4G U/L: 11.67 |
| | 5G D/L: 230.03 | 5G U/L: 51.54 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 6.97 | 4G U/L: 6.90 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 42.08 | 4G U/L: 7.98 |
| | 5G D/L: 259.37 | 5G U/L: 13.03 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 17.76 | 4G U/L: 13.46 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव मार्ग पर डाटा टेस्टिंग में एयरटेल, बीएसएनएल आरजेआईएल और वीआईएल के लिए शहरी ड्राइव के दौरान तय किए गए मार्ग के क्रमशः9.07%, 12.16%, 15.35% और 6.53% हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।

पुडुचेरी में, नेटवर्क के मूल्यांकन में सेम्मंगलम, सेदारापेट, विलियानूर, लास्पेत, व्हाइट टाउन, मुथियालपेट, मुरुंगापक्कम, अरियाकुप्पम, थवलकुप्पम, एम्बलम, पहौर, कन्नियाकोइल, गैलापेट, पिल्लाचावाड़ी और बोम्मायापालयम जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे।

भादूविप्रा ने 1. अरबिंदो आश्रम/फ्रेंच कॉलोनी 2. ऑरोविले इंटरनेशनल सोसाइटी 3. जेआईएमपीईआर मेडिकल कॉलेज 4. पांडिचेरी यूनीवर्सिटी 5. पुडुचेरी एयरपोर्ट 6. पुडुचेरी बस स्टेशन 7. पुडुचेरी रेलवे स्टेशन 8. पुडुचेरी शहर में राजीव गांधी गवर्मेन्ट वीमेन एंड चाइल्ड हौस्पीटल में वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया ताकि स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव का आकलन किया जा सके।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी.प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद ) भादूविप्रा से ईमेल adv.hyderabad@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

बी.प्रवीण कुमार

**(बी.प्रवीण कुमार)**

**सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., हैदराबाद**